

अध्यक्ष हेनरी बी. आएरिंग द्वारा
प्रथम अध्यक्षता में प्रथम सलाहकार

उन्हें प्रार्थना करना सीखाओ

जब मैं छोटा बच्चा था, मेरे माता-पिता ने मुझे उदाहरण के द्वारा प्रार्थना करना सीखाया था । मैंने अपने मन में स्वर्गीय पिता के दूर होने की प्रतिमा के साथ प्रार्थना करना आरंभ किया था । जैसे-जैसे मैं समझदार होता गया, प्रार्थना का मेरा अनुभव बदलता गया । मेरे मन में स्वर्गीय पिता की वह प्रतिमा बन गई थी कि वह निकट है, वह ज्योतिमय है, और वह मुझे बहुत अच्छी तरह जानता है ।

यह बदलाव तब आया जब मैंने जोसफ स्मिथ की 1820 में मैनचैस्टर, न्यू यॉर्क के उसके अनुभव की दृढ़ गवाही को प्राप्त किया थाः

''मैंने अपने सिर के ठीक ऊपर प्रकाश का स्तंभ देखा, जिसकी चमक सूर्य से भी तेज थी, यह धीरे-धीरे नीचे उतर रहा था जबतक कि यह मेरे ऊपर नहीं आ गया ।

''ज्यों ही यह प्रकट हुआ मैंने अपने आपको उस शत्रु से मुक्त पाया जिसने मुझे जकड़ रखा था । जैसे ही प्रकाश मेरे ऊपर ठहरा मैंने उसमें दो व्यक्तियों को देखा, जिनका तेज और महिमा सभी व्याख्या को तुच्छ कर रहे थे, मेरे ऊपर हवा में खड़े थे । एक ने मुझ से मेरा नाम लेकर और दूसरे की तरफ इशारा करते हुए कहा—यह मेरा प्रिय पुत्र है । इसकी सुनो !'' (जोसफ स्मिथ इतिहास 1:16-17) ।

बंसत के उस सुंदर दिन स्वर्गीय पिता उपवन में उपस्थित थे । उन्होंने जोसफ को नाम से बुलाया था । और उन्होंने दुनिया के पुनरूत्थारित उदारकर्ता का परिचय अपने ''प्रिय पुत्र'' के रूप में दिया था । जहां-कहीं और जब-कभी आप प्रार्थना करते हैं, उस महिमापूर्ण अनुभव की सच्चाई की आपकी गवाही आपको आशीषित कर सकती है ।

वह पिता जिससे हम प्रार्थना करते हैं महिमापूर्ण परमेश्वर है जिसने अपने प्रिय पुत्र के द्वारा संसार की सृष्टि की थी । वह हमारी प्रार्थना को इतनी स्पष्टता से सुनता है मानो जैसेकि जोसफ की प्रार्थना उसके सम्मुख बोली जा रही हो । उसने हमसे इतना प्रेम किया कि उसने अपना एकलौता पुत्र हमारे उदारकर्ता के रूप में दे दिया । और वह हमें, जब भी हम चाहें, अपने पुत्र के नाम में, इस जीवन में उससे बात करने का मौका देता है ।

अंतिम-दिनों के संतों के यीशु मसीह के गिरजाघर में पौरोहित्य धारकों के पास ''प्रत्येक सदस्य के घर में भेंट करने; *उन्हें बोलकर और निजीरूप से प्रार्थना करने की शिक्षा देने*'' का पवित्र भरोसा दिया गया है (सि और अनु 20:47; जोर देकर जोड़ गया है) ।

किसी को प्रार्थना करने की शिक्षा देने के कई तरीके हैं । उदाहरण के लिए, हम गवाही दे सकते हैं कि परमेश्वर ने हमें हमेशा प्रार्थना करने की आज्ञा दी है, या हम धर्मशास्त्रों से और अपने स्वयं के अनुभव के उदाहरणों की व्याख्या कर सकते हैं जो कृतज्ञता, याचना, और जानने की प्रार्थना करने से मिलती हैं । उदाहरण के लिए, मैं गवाही दे सकता हूं कि मैं जानता हूं कि स्वर्गीय पिता प्रार्थनाओं का उत्तर देते हैं । मुझे उन शब्दों से दिशा और दिलासा मिली है जो मेरे मन में आते हैं, और मैं आत्मा के द्वारा जानता हूं कि वे शब्द परमेश्वर से मिले थे ।

भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ को ऐसे अनुभव हुए थे, और आपको भी हो सकते हैं । उसे अपनी सच्ची प्रार्थना का यह जवाब मिला थाः

''मेरे बेटे, तुम्हारी आत्मा को शांति मिले; तुम्हारे दुख और कष्ट कुछ समय के लिए हैं;

और जब, यदि इनमें अंत तक तुम धीरज धरते हो, परमेश्वर तुम्हें बहुत अधिक उन्नत करेगा'' (सि और अनु 121:8) ।

यह प्रिय पिता की ओर से बहुत कष्ट में पड़े विश्वासी पुत्र को प्रकटीकरण मिला था । परमेश्वर का प्रत्येक बच्चा उससे प्रार्थना में बातें कर सकता है । प्रार्थना करने की किसी भी शिक्षा ने मुझे इतना प्रभावित नहीं किया है जितना कि उस प्रेम और प्रकाश की अनुभूतियों से मिला है जो विनम्र प्रार्थना के उत्तर के रूप में मिलती हैं ।

इस आज्ञा का पालन करके हम परमेश्वर की किसी भी आज्ञा की गवाही प्राप्त करते हैं (देखें यूहन्ना 7:17) । इस आज्ञा का यह सच है कि हम हमेशा बोलकर और गुप्त में प्रार्थना करते हैं । आपके शिक्षक और आपके मित्र की तरह, मैं वादा करता हूं कि परमेश्वर आपकी आज्ञाओं का उत्तर देगा और कि पवित्र आत्मा की शक्ति से, आप स्वयं जानेंगे कि उत्तर उसकी ओर से हैं ।

इस संदेश से शिक्षा

- ''पाठ के मुख्य विचार को मजबूती देने के लिए चित्र महत्वपूर्ण साधन हैं'' (*Teaching, No Greater Call* [1999], 176)। जोसफ स्मिथ या प्रथम दिव्यदर्शन का चित्र दिखाएं। प्रार्थना के साथ जोसफ स्मिथ के अनुभव पर चर्चा करें। किस प्रकार आपकी प्रार्थनाएं अधिक अर्थपूर्ण हो जाएंगी यदि आप यह ध्यान करें कि ''स्वर्गीय पिता ... निकट हैं,'' जैसा अध्यक्ष आएरिंग करते हैं ?
- जैसा अध्यक्ष आएरिंग सुझाव देते हैं, प्रार्थना के विषय में अपनी गवाही बांटे, प्रार्थना के कारण आपको मिली आशीषों की व्याख्या करें, या प्रार्थना के विषय में धर्मशास्त्रों को बांटें।

युवा

विश्वास की मेरी प्रार्थना

प्रीसीला फारियास डी लीमा द्वारा

जब मैं 18 वर्ष की थी, मैं फर्नीचर की दुकान में विक्रेता के रूप में काम करती थी। मेरे काम की दिनचर्या बहुत कठीन थी। मैं सुबह 8 बजे से रात को 10 बजे तक काम करती थी। सोमवार से लेकर शनिवार तक। मैं दुखी थी क्योंकि मैंसंस्थान और गिरजे की गतिविधियों में भाग नहीं ले पाती थी।

मैंने स्वर्गीय पिता से बहुत अधिक विश्वास के साथ प्रार्थना करना आरंभ किया कि मुझे ऐसे स्थान पर काम मिले जहां मुझे शनिवार को काम न करना पड़े ताकि मैं संस्थान और अन्य गतिविधियों में भाग ले सकूं।

एक दिन काम पर मैं एक पुरूष की मदद कर रही थी। हमने बातें करना आरंभ किया, और उसने बताया वह एक बड़े बैंक में काम करता था। मैंने पुछा मुझे उस व्यवसाय में काम करने के लिए क्या करना होगा। उसने मुझे अपना नाम और फोन नंबर दिया और मुझ से कहा मैं नौकरी लगाने वाले से बात कर सकती हूं और कहना कि उसे जानती हूं। मैं बैंक गई और आवश्यक परिक्षा दी। मैं सफल हो गई और मैंने सोमवार से शुक्रवार छह घंटे काम करना शुरू कर दिया, मुझे पहले से तीन गुना अधिक वेतन मिलने लगा था।

मैं जानती हूं प्रभु हमारा मार्गदर्शन करता है जब हम उसे पहला स्थान देते हैं। आज भी वह मेरा मार्गदर्शन कर रहा है। मैं जानती हूं प्रार्थना का सिद्धांत सच्चा है।

© 2012 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित। भारत में छपी। अंग्रेजी अनुमतिः 6/11। अनुवाद अनुमतिः 6/11। *First Presidency Message, February 2012* का अनुवाद। Hindi। 10362 294

परिवार के रक्षक

इस सामाग्री को पढ़ें और, जैसा उचित हो, उन बहनों के साथ इसकी चर्चा करें जिन से आप भेंट करती हैं। अपनी बहनों को मजबूत करने और सहायता संस्था को अपने जीवन का सक्रिय हिस्सा बनाने में मदद के लिए प्रश्नों का प्रयोग करें।

विश्वास, परिवार, सहायता

''आप परिवार की रक्षक हैं,'' अध्यक्ष गोर्डन बी. हिंक्ली ने (1910-2008) 1995 में ''परिवारः दुनिया के लिए एक घोषणा'' का जनरल सहायता संस्था सभा में परिचय देते समय कहा था। ''आप बच्चों की जननी हो। आप वो हैं जो उनका पोषण करती और उनके भीतर उनके जीवन की आदतों को स्थापित करती हो। कोई भी कार्य ईश्वरत्व के इतना निकट नहीं पहुंच सकता जितना की परमेश्वर के बेटे और बेटियों का पोषण करना।''[1]

अब यह घोषणा लगभग 17 वर्षों से जोर देती आ रही है कि हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां परिवारों और घरों को मजबूती देने में केन्द्रीत होती हैं चाहे हमारी परिस्थितियां कैसी भी क्यों न हों। बारबरा थॉमसन, अब जनरल सहायता संस्था में द्वितीय सलाहकार, उस समय साल्ट लेक मंदिर में थीं जब अध्यक्ष हिंक्ली ने पहली बार इस घोषणा को पढ़ा था। ''वह एक महान अवसर था,'' वह याद करती हैं। ''मैंने इस संदेश के महत्व को महसूस किया था। मैंने स्वयं विचार किया था, 'माता-पिता के लिए एक महान मार्गदर्शक है। माता-पिता के लिए यह एक बड़ी जिम्मेदारी भी है।' मैंनें एक क्षण के लिए विचार किया यह मेरे लिए नहीं थी क्योंकि मेरा विवाह नहीं हुआ था और कोई बच्चा भी नहीं था। लेकिन तुरन्त मैंने महूसस किया, 'यह अवश्व ही मेरे लिए है। मैं परिवार की एक सदस्या हूं। मैं एक बेटी हूं, एक बहन हूं, अंटी हूं, भतीजी हूं, और नातिन हूं। अवश्व ही मेरे पास जिम्मेदारी-और आशीष हैं क्योंकि मैं एक परिवार की सदस्य हूं। चाहे मैं अपने परिवार की एकमात्र जीवित सदस्य हूं, मैं फिर भी परमश्वर के परिवार की सदस्य हूं, और मेरे पास अन्य परिवारों को मजबूत करने की जिम्मेदारी है।'''

सौभाग्य से, हमें अपने प्रयासों में अकेले नहीं छोड़ा गया है। ''महानत्तम मदद,'' बहन थॉमसन कहती हैं, ''हमें परिवारों को यीशु मसीह के सिद्धांतों को जानने और पालन करने में और मदद के लिए उस पर भरोसा करने में मिलती है।''[2]

हमारे इतिहास से

''जब बहन बेतशेबा डब्ल्यू. स्मिथ ने जनरल सहायता संस्था की चौथी अध्यक्षा के रूप में सेवा की थी, उन्होंने परिवारों को मजबूती देने की जरूरत को देखा था, और इसलिए उन्होंने सहायता संस्था की बहनों के लिए मातृत्व शिक्षा पाठ स्थापित किए थे। पाठ में विवाह, शिशु देखभाल पर, और बच्चों को पालन के लिए सलाह शामिल थी। ये पाठ अध्यक्ष जोसफ एफ. स्मिथ की सहायता संस्था की घर में स्त्रियों की भूमिका में मदद के विषय में शिक्षाओं का सर्मथन करते थेः

'''जब कभी भी परिवार के संबंध में, परिवार के कर्तव्यों में लापरवाही या कमी होगी, जो पति और पत्नी और माता-पिता और बच्चों के बीच में उचितरूप से होने चाहिए, वहां यह संगठन अस्तित्व में या निकट होगा, और प्राकृतिक प्रतिभाओं और प्रकटीकरण जोकि इस संगठन में मिलते हैं वे उन महत्वपूर्ण कर्तव्यों के संदर्भ में निर्देशों लिए तैयार और तत्पर रहेंगे।'''[3]

विवरण

1. Gordon B. Hinckley, "Stand Strong Against the Wiles of the World," *Ensign,* नवं. 1995, 101।
2. Barbara Thompson, "I Will Strengthen Thee; I Will Help Thee," *Liahona* and *Ensign,* नवं. 2007, 117।
3. *Daughters in My Kingdom: The History and Work of Relief Society* (2011), 153।

धर्मशास्त्रों से

नीत्तिवचन 22:6; 1 नफी 1:1; 2 नफी 25:26; अलमा 56:46-48; सिद्धांत और अनुबंध 93:40

मैं क्या कर सकती हूं ?

1. परिवारों को मजबूती देने की मदद के लिए मैं बहनों की कैसे देखभाल कर सकती हूं ?

2. मैं अपने परिवार में कैसे धार्मिक प्रभाव हो सकती हूं ?

अधिक सूचना के लिए, www.reliefsociety.lds.org पर जाएं।

© 2012 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित। भारत में छपी। अंग्रेजी अनुमतिः 6/11। अनुवाद अनुमतिः 6/11। *Visiting Teaching Message, February 2012* का अनुवाद। Hindi। 10362 294